दैनिक जागरण 21/01/2026

कार्यशाला में रोजगारपरक कौशल के बारे विद्यार्थियों को बताया

जीएमएन कालेज में कार्यशालाके दौरान शामिल विद्यार्थी व स्टाफ • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट के प्रबंधन विभाग द्वारा आदित्य बिड़ला कैपिटल एवं नेशनल इंस्टिट्यूट आफ सिक्योरिटीज मार्केट्स के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला बीबीए, बीकाम एवं एमबीए के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विशेषज्ञों द्वारा निवेश, वित्तीय बाजारों की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों, उद्योग की नवीन प्रवृत्तियों एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। डा. गुरुदेव सिंह ने इस आयोजन के लिए प्राचार्य डा. रोहित दत्त, प्रबंधन विभाग, सीआरसी एवं सीजीसी टीम सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को हार्दिक बधाई दी। कालेज में भाषा प्रयोगशाला द्वारा "स्पीकवेल मास्टर प्रोग्राम फार फ्यूचर हेल्थकेयर लीडर्स" संचार कौशल विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।